दिन– शुक्रवार दिनांक– 20 / 12 / 2024

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– शाम 7.30 बजे से। अवधि – 15 मिनट

---

01. प्रदेश में विभिन्न सेक्टर की प्रमुख कंपनियां एक लाख अस्सी हजार करोड़ रूपये का करेंगी निवेश।

02. अडाणी इंटरप्राईजेज और सन पेट्रोकेमिकल्स ने प्रदेश में पचपन हजार करोड़ रूपये से अधिक के निवेश पर जताई सहमति।

03. पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने कहा – पुलिस प्रशासन राज्य में कानून व्यवस्था को बनाए रखने और अपराधों पर नियंत्रण रखने के लिए प्रतिबद्ध।

04. और, जदयू के वरिष्ठ नेता राजीव रंजन सिंह ने कांग्रेस पर संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आम्बेडकर को अपमानित करने का आरोप लगाया। राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने राहुल गांधी पर प्राथमिकी को साजिश बताया।

---

पटना के ज्ञान भवन में आयोजित बिहार बिजनेस कनेक्ट ग्लोबल इन्वेस्टर्स समिट में विभिन्न सेक्टर की प्रमुख कंपनियों के साथ एक लाख अस्सी हजार करोड़ रूपये के निवेश पर सहमति बनी है। इसमें प्रमुख रूप से अडाणी ग्रुप की ओर से राज्य में बीस हजार करोड़ रूपये की लागत से थर्मल प्लांट स्थापित की जाने की घोषणा की गयी है। अडाणी एंटरप्राईजेज के प्रबंध निदेशक प्रणव अडाणी ने कहा कि अडाणी समूह बिहार में अन्य कई हजार करोड़ रूपये की परियोजनाओं पर काम कर रहा है, जिससे युवाओं को रोजगार मिलेगा।

–––बाईट–––

वहीं, सन पेट्रोकेमिकल्स के एमडी दिलीप सांघवी ने बिहार में छत्तीस हजार सात सौ करोड़ रुपये निवेश करने की घोषणा की। उन्होंने कहा कि यह निवेश अक्षय ऊर्जा और ग्रीन इंफ्रास्ट्रक्चर में तीस हजार से अधिक नौकरियां सृजित करेगा।

–––बाईट–––

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार अस्वस्थ होने के कारण समिट में शामिल नहीं हो पाये। मुख्यमंत्री का संदेश लेकर पहुंचे ऊर्जा मंत्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव ने कहा कि बिहार में उद्योगों के लिए तैयार हुए अनुकूल माहौल का पूरा लाभ प्रदेश के लोगों को मिलेगा।

———बाईट———

वहीं, उद्योग मंत्री नीतीश मिश्रा ने समिट को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार ने नेगेटिव ग्रोथ रेट से अपनी यात्रा शुरू की थी, लेकिन आज यह प्रगति करते हुए भारत के प्रमुख विकास इंजन के रूप में अपनी पहचान बना चुका है।

———बाईट———

उद्योग विभाग की सचिव वंदना प्रेयसी ने कहा कि सम्मेलन में देश की प्रमुख कंपनियों के साथ निवेश के समझौते से बिहार में उद्योग–धंधों का तेजी से विकास होगा और बड़े पैमाने पर रोजगार के अवसर सृजित होंगे।

———बाईट———

————————————————————————————

उप मुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने आरोप लगाया है कि लालू परिवार के शासनकाल में भ्रष्टाचार और अराजकता के कारण उद्योग–धंधों का विकास नहीं हो पाया। श्री सिन्हा ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की अगुवाई में डबल इंजन सरकार राज्य में औद्योगिक विकास के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने कहा कि आज प्रमुख कंपनियों के साथ बिहार में एक लाख अस्सी हजार करोड़ रूपये के निवेश ने सरकार के कल्याणकारी कार्यों पर मुहर लगाई है।

———बाईट———

————————————————————————————

राज्य के नवनियुक्त पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने कहा कि पुलिस प्रशासन राज्य में कानून व्यवस्था को बनाए रखने और अपराधों पर नियंत्रण रखने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि राज्य में अपराधियों और भ्रष्टाचारियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई जारी रहेगी। श्री कुमार आज पटना में गृह विभाग की ओर से आयोजित प्रेस कांफ्रेंस को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर गृह विभाग के प्रधान सचिव अरविंद चौधरी ने दो हजार चौबीस में सरकार की उपलब्धियों को साझा करते हुए बताया कि राज्य में अपराध के ग्राफ मे गिरावट दर्ज की गयी है।

———बाईट———

————————————————————————————

केंद्रीय मंत्री और जदयू के वरिष्ठ नेता राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह ने आरोप लगाया है कि कांग्रेस के शासनकाल में संविधान के निर्माता डॉ. भीमराव आम्बेडकर का हमेशा अपमान किया गया। श्री सिंह ने नई दिल्ली में संवाददाताओं से बातचीत में कल संसद में प्रवेश के दौरान हंगामे के लिए कांग्रेस नेता राहुल गांधी को जिम्मेदार करार देते हुए कहा कि उनका रवैया छात्र नेता की तरह है।

———बाईट————

——————————————————————————————

राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने कल संसद में प्रवेश के दौरान हुई झड़प के बाद कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर हुई प्राथमिकी को साजिश बताया है। आज पूर्णियां में संवाददाताओं से बातचीत में श्री यादव ने कहा कि संसद में जिस प्रकार संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आम्बेडकर को अपमानित किया गया, उससे लोगों का ध्यान हटाने के लिए यह कार्रवाई की गयी है।

———बाईट———

——————————————————————————————

एक राष्ट्र— एक चुनाव से संबंधित दो विधेयकों को संसद की संयुक्त समिति को भेज दिया गया है। समिति में लोकसभा के सत्ताईस सदस्य और राज्यसभा के बारह सदस्य शामिल हैं। आज लोकसभा की कार्यवाही शुरू होने के बाद विधि और न्याय मंत्री अर्जुन राम मेघवाल ने एक सौ उनतीसवां संशोधन विधेयक, दो हजार चौबीस और केंद्र शासित प्रदेश कानून संशोधन विधेयक, दो हजार चौबीस को संसद की संयुक्त समिति को भेजने का प्रस्ताव पेश किया। यह समिति संसद के अगले सत्र तक अपनी रिपोर्ट सदन को सौंप देगी। इधर, संसद के दोनों सदनों की कार्यवाही हंगामे के कारण अनिश्चितकाल के लिए स्थगित कर दी गयी।

——————————————————————————————

एक राष्ट्र—एक चुनाव के लिए गठित संयुक्त संसदीय समिति, जेपीसी के सदस्य के रूप में बिहार से भाजपा सांसद डॉ. संजय जायसवाल और लोजपा, रामविलास की सांसद शांभवी चौधरी को नामित किया गया है। जेपीसी का सदस्य बनाए जाने पर इन दोनों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया है। इन्होंने कहा कि चुनावी प्रणाली को और अधिक पारदर्शी, प्रभावी और समावेशी बनाने में वे अपना पूर्ण योगदान देंगे।

———————————————————————————

पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की सौवीं जयंती भारतीय जनता पार्टी सुशासन दिवस के रूप में मनाएगी। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. दिलीप जायसवाल ने आज पटना में बताया कि यह कार्यक्रम पच्चीस दिसंबर से शुरू होकर एक वर्ष तक चलेगा। इस दौरान प्रदेश के मंडल स्तर तक कार्यक्रम आयोजित किए जायेंगे।

———बाईट———

———————————————————————————

श्रम संसाधन विभाग की ओर से आज मुंगेर के पोलो मैदान में नियोजन सह मार्गदर्शन मेला का आयोजन किया गया। मेले में इक्कीस निजी कंपनियों ने भाग लिया। इस दौरान एक हजार सात सौ पचासी अभ्यर्थियों ने नौकरी के लिए आवेदन किया। इनमें चार सौ दस अभ्यर्थियों को विभिन्न कंपनियों की ओर से चयनित किया गया। यह जानकारी नियोजनालय निदेशालय के उपनिदेशक शंभूनाथ सुधाकर ने दी है।

———————————————————————————

नालंदा स्थित उद्यान महाविद्यालय किसानों को विषाणु रहित आलू का बीज उपलब्ध करायेगा। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. रणधीर कुमार ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इससे किसानों के खेती की लागत में कमी आएगी। उन्होंने बताया कि वैज्ञानिक तरीके से खेती करने के लिए महाविद्यालय की ओर से किसानों को प्रशिक्षित भी किया जाएगा।

———————————————————————————

मौसम विज्ञान केंद्र, पटना के वैज्ञानिक कुमार गौरव ने बताया कि अगले चौबीस घंटों के दौरान सुपौल, पूर्णिया, कटिहार, सहरसा, किशनगंज और भागलपुर जिले के अधिकांश स्थानों पर घना कोहरा छाये रहने की संभावना है। वहीं, राज्य के अन्य जिलों में हल्के से मध्यम स्तर का कुहासा छाया रहेगा।

———बाईट———

इधर, आज रोहतास का डेहरी और समस्तीपुर का पूसा राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां का न्यूनतम तापमान सात दशमलव पांच डिग्री सेल्सियस रिकॉर्ड किया गया।

———————————————————————

पटना के दानापुर स्थित चांदमारी मैदान में आज से अग्निवीर भर्ती रैली शुरू हो गयी है। भर्ती निदेशक कर्नल करण मेहता ने बताया कि छब्बीस दिसम्बर तक आयोजित रैली में राज्य के सात जिलों– पटना, बक्सर, भोजपुर, सीवान, सारण, गोपालगंज और वैशाली जिले के पुरूष अभ्यर्थी शामिल हो सकते हैं। वहीं, सत्ताईस दिसम्बर को बिहार और झारखंड की महिला उम्मीदवारों के लिए अग्निवीर रैली का आयोजन किया जाएगा।

———————————————————————

मधुबनी में महिला बाल विकास निगम और समाज कल्याण विभाग की ओर से बेटी बचाओ– बेटी पढ़ाओं अभियान के तहत फलदार पौधों का वितरण किया गया। पिछले तीन दिनों में जन्में चौंतीस कन्या शिशु के नाम पर उनके परिजनों को घरों में पौधारोपण का सुझाव दिया गया। मौके पर जिलाधिकारी अरविंद कुमार वर्मा मौजूद रहे। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण की दिशा में यह कार्यक्रम अपने लक्ष्यों को हासिल करेगा।

———————————————————————

रोहतास जिले के डेहरी थाना के पाली रोड पर पुलिस ने एक वाहन से छप्पन किलोग्राम गांजा के साथ पांच तस्करों को गिरफ्तार किया है। इधर, पश्चिम चंपारण जिले के मझौलिया थाना क्षेत्र से पुलिस ने एक किलोग्राम से अधिक मादक पदार्थ के साथ दो तस्करों को गिरफ्तार किया है।

———————————————————————

वित्त मंत्रालय के अवर सचिव संजय कुमार झा ने आज शेखपुरा जिले के बरबीघा में जीविका दीदीओं से संवाद किया। इस अवसर पर श्री झा ने एक सौ सोलह जीविका समूहों को साढ़े पांच करोड़ रूपये का चेक प्रदान किया।

———————————————————————

सुपौल के हरदी दुर्गा स्थान परिसर में जिला प्रशासन की ओर से वीर लोरिक महोत्सव में दंगल प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें स्थानीय और देश–विदेश के पहलवानों के बीच कुश्ती का मुकाबला हो रहा है।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर...........

01. प्रदेश में विभिन्न सेक्टर की प्रमुख कंपनियां एक लाख अस्सी हजार करोड़ रूपये का करेंगी निवेश।

02. अडाणी इंटरप्राईजेज और सन पेट्रोकेमिकल्स ने प्रदेश में पचपन हजार करोड़ रूपये से अधिक के निवेश पर जताई सहमति।

03. पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने कहा – पुलिस प्रशासन राज्य में कानून व्यवस्था को बनाए रखने और अपराधों पर नियंत्रण रखने के लिए प्रतिबद्ध।

04. और, जदयू के वरिष्ठ नेता राजीव रंजन सिंह ने कांग्रेस पर संविधान निर्माता डॉ. भीमराव आम्बेडकर को अपमानित करने का आरोप लगाया। राजद नेता तेजस्वी प्रसाद यादव ने राहुल गांधी पर प्राथमिकी को साजिश बताया।

———————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।